# सौर (सोलर) के साथ बचत करें। यह बस इतना ही आसान है।

एक औसत परिवार सौर के साथ हरेक वर्ष $1,000[1] से भी अधिक की बचत करता है। 200,000 से भी अधिक विक्टोरियावासियों के साथ शामिल हों और अपने घर या किराए की संपत्ति में सौर लगाने के लिए छूट का दावा करें।

Solar Victoria

VICTORIA State Government



## हमारी छूटों के बारे में

सौर विक्टोरिया (Solar Victoria) का Solar Homes कार्यक्रम सौर पैनल, बैटरियाँ और ऊर्जा-कुशल गर्म जल प्रणालियाँ लगाने के लिए छूट उपलब्ध करा रहा है, ताकि विक्टोरियावासियों को ऊर्जा की लागत में बचत करने में मदद मिल सके।

**सौर पैनल (पीवी) छूट**

पात्र घर-परिवार सौर पैनल (पीवी) लगाने की लागत पर **अधिकतम $1,400 तक की छूट** का दावा कर सकते हैं। सौर पीवी छूट निर्माणाधीन घरों के लिए भी उपलब्ध है।

स्वीकृत आवेदकों के लिए ब्याजमुक्त ऋण भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

**किराए की संपत्तियों के लिए सौर छूट**

पात्र किराएदारी-प्रदाता हरेक वित्तीय वर्ष में दो किराए की संपत्तियों में सौर पैनल (पीवी) लगाने की लागत पर **अधिकतम $1,400 तक की छूट** का दावा कर सकते हैं।

स्वीकृत आवेदकों के लिए ब्याजमुक्त ऋण भी उपलब्ध कराए जाते हैं।

**सौर गर्म जल (हॉट वाटर) छूट**

पात्र घर-परिवार सौर गर्म जल या हीट पंप गर्म जल प्रणाली की लागत पर **अधिकतम $1,000 तक की छूट** का दावा कर सकते हैं।

> पात्र घर-परिवार सौर पैनल (पीवी) छूट के अतिरिक्त गर्म जल छूट के लिए भी आवेदन कर सकते हैं।

**सौर बैटरी छूट**

पात्र घर-परिवार सौर बैटरी की लागत में **अधिकतम $2,950 तक की छूट** का दावा कर सकते हैं।

## आवेदन कैसे करें?

**कदम 1: अपनी पात्रता की जांच करें**

छूट के लिए अपनी पात्रता की पुष्टि करें – आप अगले पृष्ठ पर पात्रता मानदंडों की सूची देख सकते/सकती हैं।

**कदम 2: लागत का अनुमान (क्वोट) प्राप्त करें**

आपको सौर विक्टोरिया द्वारा प्राधिकृत सौर रिटेलर से संपर्क करना होगा और लागत का अनुमान प्राप्त करना होगा। आपको सौर विक्टोरिया की वेबसाइट solar.vic.gov.au/retailers पर उनके विवरण मिल सकते हैं।

सौर रिटेलर से संपर्क करते समय आपको उन्हें बताना चाहिए कि आप सौर विक्टोरिया छूट के लिए आवेदन करना चाहते/चाहती हैं।

छूट की पात्रता के लिए यह आवश्यक है कि उत्पाद सौर विक्टोरिया द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची[2] में शामिल हों।

**कदम 3: अपनी छूट के लिए आवेदन करें**

प्राधिकृत सौर रिटेलर से लागत का अनुमान स्वीकार कर लेने के बाद आप सौर विक्टोरिया सेवार्थी पोर्टल के माध्यम से छूट के लिए आवेदन कर सकते/सकती हैं। आप यहाँ ब्याज-मुक्त ऋण के लिए भी आवेदन कर सकते/सकती हैं।

आपका सौर रिटेलर आपकी ओर से छूट का दावा करेगा और छूट की राशि को आपके सिस्टम और इंस्टॉलेशन की संपूर्ण लागत में से काट लिया जाएगा। एक बार इंस्टॉल कर दिए जाने के बाद सभी बकाया शेषराशि का भुगतान सीधे अपने सौर रिटेलर को करने की जिम्मेदारी आपकी होगी।

## हमसे संपर्क करें

आपको वेबसाइट **solar.vic.gov.au** पर कार्यक्रम के बारे में और अधिक जानकारी मिल सकती है या आप हमारी ग्राहक सेवा टीम को 1300 376 393 पर (कार्यकाल के दौरान) कॉल कर सकते/सकती हैं।

यदि आप अपनी भाषा में हमारे साथ बात करना चाहते/चाहती हैं, तो आप National Translating and Interpreting Service (राष्ट्रीय अनुवाद और दुभाषिया सेवा) को 131 450 पर कॉल करके निःशुल्क फोन अनुवाद सेवाएँ प्राप्त कर सकते/सकती हैं।

### सुगमता

यदि आप इस प्रकाशन को वैकल्पिक स्वरूप में प्राप्त करना चाहते/चाहती हैं: कृपया सौर विक्टोरिया से **comms@team.solar.vic.gov.au** पर संपर्क करें।

यह दस्तावेज़ इंटरनेट पर भी उपलब्ध है: **solar.vic.gov.au**

1 सामान्य 6.16 किलोवॉट रूफटॉप सिस्टम के आधार पर
2 www.solar.vic.gov.au/approved-products

**लाभ**

- अपने ऊर्जा बिल घटाएँ
- अपनी ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाएँ
- सौर उद्योग में नौकरियों का निर्माण करने में सहायता करें
- जलवायु परिवर्तन का सामना करें

# छूट के प्रकार और पात्रता मानदंड

## सौर पैनल (पीवी) छूट – अधिकतम $1,400 तक

**आप सौर पैनल (पीवी) छूट प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं, यदि:**

» आप किसी मौजूदा संपत्ति के मालिक होने के साथ-साथ वहाँ रहते/रहती भी हैं, या किसी निर्माणाधीन घर के मालिक हैं, जहाँ प्रणाली को स्थापित किया जाना है

» सभी मालिकों की संयुक्त घरेलू करयोग्य आय $180,000 प्रतिवर्ष से कम है[1]

» आपको पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत मालिक-निवासी के रूप में सौर पैनल (पीवी) छूट या सौर बैटरी छूट नहीं मिली है

» संपत्ति $3 मिलियन से कम मूल्य की मौजूदा संपत्ति है, या ऐसा निर्माणाधीन घर है जिसका निर्माण पूरा होने पर उसका मूल्य $3 मिलियन से कम होगा

» उस पते पर स्थित संपत्ति को पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत सौर पैनल (पीवी) छूट या सौर बैटरी छूट नहीं मिली है[2]

» पूर्व में संपत्ति पर मौजूदा सौर पीवी प्रणाली स्थापित नहीं की गई है (जबतक यह 1 नवंबर, 2009 से पहले न किया गया हो)।

## किराए की संपत्तियों के लिए सौर पैनल (पीवी) छूट – अधिकतम $1,400 तक

**यदि आप विक्टोरिया में किराएदारी-प्रदाता हैं, तो आप अपनी किराए की संपत्ति के लिए छूट प्राप्त करने के/की पात्र हो सकते/सकती हैं, यदि:**

» आपके किराएदारों की संयुक्त घरेलू करयोग्य आय $180,000 प्रतिवर्ष से कम है[1]

» संपत्ति का मूल्य $3 मिलियन से कम है और इसमें पहले से ही सौर पैनल (पीवी) नहीं लगे हुए हैं

» उस पते पर स्थित संपत्ति को पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत सौर पैनल (पीवी) छूट या सौर बैटरी छूट नहीं मिली है[2]

» *किराएदारी-प्रदाता और किराएदार के बीच Solar Homes कार्यक्रम समझौते* पर किराएदारी-प्रदाता तथा सभी किराएदारों द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं

» वर्तमान में संपत्ति को किराएदारी समझौते के तहत किराए पर दिया गया है।

## गर्म जल छूट – अधिकतम $1,000 तक

**आप अनुमोदित सौर गर्म जल या हीट पंप गर्म जल प्रणाली के लिए गर्म जल छूट प्राप्त करने के/की पात्र हो सकते/सकती हैं, यदि:**

» आप उस संपत्ति के मालिक होने के साथ-साथ वहाँ रहते/रहती भी हैं, जहाँ प्रणाली को स्थापित किया जाना है

» सभी मालिकों की संयुक्त घरेलू करयोग्य आय $180,000 प्रतिवर्ष से कम है[1]

» आपको पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत सौर बैटरी छूट या गर्म जल छूट नहीं मिली है

» यह एक मौजूदा संपत्ति है, जिसका मूल्य $3 मिलियन से कम है

» उस पते पर स्थित संपत्ति को पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत सौर बैटरी छूट या गर्म जल छूट नहीं मिली है[2]

» जिस गर्म जल प्रणाली को बदला जाना है, उसकी खरीद की तिथि के बाद कम से कम तीन वर्ष बीत चुके हैं।

## सौर बैटरी छूट - अधिकतम $2,950 तक

**आप सौर बैटरी छूट प्राप्त करने के लिए पात्र हो सकते/सकती हैं, यदि:**

» आप उस संपत्ति के मालिक होने के साथ-साथ वहाँ रहते/रहती भी हैं, जहाँ प्रणाली को स्थापित किया जाना है

» सभी मालिकों की संयुक्त घरेलू करयोग्य आय $180,000 प्रतिवर्ष से कम है[1]

» आपको पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत मालिक-निवासी के रूप में छूट नहीं मिली है

» यह एक मौजूदा संपत्ति है, जिसका मूल्य $3 मिलियन से कम है

» उस पते पर स्थित संपत्ति को पूर्व में Solar Homes कार्यक्रम के तहत छूट नहीं मिली है[2]

» संपत्ति में पहले से ही 5 किलोवॉट के बराबर या इससे अधिक क्षमता के सौर पीवी पैनल मौजूद हैं अथवा संपत्ति पर सौर बैटरी इंस्टॉलेशन के संयोजन से इसे स्थापित करने की व्यवस्था की जा रही है

» बैटरी को ग्रिड से सुरक्षित रूप से कनेक्ट करने के लिए आपके वितरित नेटवर्क सेवा प्रदाता (डीएनएसपी) [Distributed Network Service Provider (DNSP)] की ओर से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त किया जाता है

» संपत्ति में मौजूदा ऊर्जा स्टोरेज प्रणाली नहीं है

» मालिक अपने वितरण नेटवर्क सेवा प्रदाता (Distribution Network Service Provide) से बैटरी परीक्षणों में शामिल होने के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए सहमत हैं, ताकि घर-परिवार को इससे अधिकतम लाभ मिल सके।

1 पिछले दो वर्षों की करयोग्य आय में से किसी एक वर्ष के आधार पर

2 हमारी ग्राहक सेवा टीम से 1300 376 393 पर संपर्क किया जा सकता है और वे इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि किसी संपत्ति ने पहले कभी Solar Homes कार्यक्रम में भाग लिया है या नहीं

© विक्टोरिया ऊर्जा, पर्यावरण एवं जलवायु कार्यवाही विभाग 2023

अस्वीकरण: **यह प्रकाशन आपके लिए सहायक हो सकता है, लेकिन विक्टोरिया राज्य और उसके कर्मचारी इस बात की कोई गारंटी नहीं देते हैं कि यह प्रकाशन सभी प्रकार की खामियों से मुक्त है या आपके विशिष्ट उद्देश्यों के लिए पूरी तरह से उपयुक्त है और इसलिए यह प्रकाशन ऐसी किसी भी त्रुटि, हानि या अन्य परिणाम के लिए सभी दायित्व को अस्वीकार करता है जो इस प्रकाशन में किसी भी जानकारी पर निर्भर करने से आपके लिए पैदा हो सकते हैं।**